# जमदग्नि पब्लिक स्कूल, पीपली, लक्सर

## संविधान दिवस

आज दिनांक २६-११-२०२६ को विद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दिन विद्यार्थियों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने इस विशेष प्रार्थना सभा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। लगभग ५० से अधिक विद्यार्थियों ने इस विशेष प्रार्थना सभा में भाग लिया।

इस विशेष प्रार्थना सभा में सम्पूर्ण कार्यक्रम के मंच संचालन की कमान कक्षा नौ की छात्रा तनिषा कौशिक ने संभाली। विद्यार्थियों ने मिलकर समूह गान, नाटिका, कविता, संविधान शपथ आदि जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कक्षा नौ की छात्रा वेदिका ने अपने भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों को संविधान के महत्त्व से अवगत करवाया। वहीं विद्यालय की अन्य छात्रा श्रेया शर्मा ने संविधान दिवस के लिए अपने द्वारा रचित कविता से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने मिलकर संविधान से संबंधित एक समूह गान भी प्रस्तुत किया। इसके पश्चात एक शिक्षाप्रद नाटिका भी प्रस्तुत की गई। नाटिका के माध्यम से एक जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्यों जैसे पर्यावरण की सुरक्षा करना, सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करना आदि को दर्शाया गया।

इसके पश्चात कक्षा दसवीं की छात्रा साताक्षी के द्वारा विद्यालय में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया एवं शपथ दिलवाई गई। सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने खड़े होकर एक स्वर में संविधान का पालन करने और देश की एकता तथा अखण्डता को बनाए रखने की शपथ ली।

कार्यक्रम के अन्त में आदरणीया प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती मीनू शर्मा जी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया और बताया कि किस प्रकार डॉ० भीमराव अंबेडकर जी ने जात- पात की भावना से ऊपर उठकर संविधान का निर्माण किया और देश हित के कार्यों में अपना योगदान दिया। प्रधानाचार्या जी ने देश के नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों के बारे में भी विस्तार से बताया और कहा कि देशभक्ति केवल सीमा पर शत्रु से लड़ना ही नहीं है, देश के भीतर रहकर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करके, स्वच्छता रखकर और नियमों का सम्मान करके भी हम सच्चे देशभक्त बन सकते हैं।

अन्त में सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। सभा सफल, प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रही। इस सभा ने विद्यार्थियों को न केवल संविधान के विषय में ज्ञान दिया, अपितु उन्हें एक सजग और जागरूक नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया।




रिपोर्ट: मीनू रानी